E-mail ID : upjnruraldeoria@gmail.com
Mob.- 9453590179

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
भुजौली कालोनी, देवरिया–274001

पत्रांक 1246 / कार्य-08 / 219 दिनांक -15/07/202

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः–समाचार पत्र "दैनिक भाष्कर" में प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन की रफ्तार धीमीः सलेमपुर के कई गांवों में सूखी टोटियां, अधूरे निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र "दैनिक भाष्कर" में "जल जीवन मिशन की रफ्तार धीमीः सलेमपुर के कई गांवों में सूखी टोटियां, अधूरे निर्माण शीर्षक से प्रकाशित खबर के अन्तर्गत पेयजल योजना सम्बन्धित कार्य पूर्ण कराने से सम्बन्धित खबर प्रकाशित हुई है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि चेरो ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म मे0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत नलकूप व बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। पम्प हाऊस 70 प्रतिशत, शिरोपरि जलाशय 37 प्रतिशत, पाइप लाइन 2.320 कि0मी0 के सापेक्ष 1.695कि0मी0 एवं 221 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 140 नग गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। वर्तमान में योजना पर शेष कार्य प्रगति पर है। योजनान्तर्गत समस्त कार्य दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण कराते हुए पेयजल योजना से जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

भवदीय

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. सम्बन्धित सहा0अभि0 / जूनि0इंजी0।
2. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0, देवरिया को इस निर्देश के साथ कि आपके योजना पर दी गयी समयावधि में पेयजल आपूर्ति संचालित करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता